पंजाब केसरी 08/02/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थियों को टैक्नोलॉजी में मिला प्लेसमैंट अवसर



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में प्लेसमैंट ड्राइव में विशेषज्ञ का स्वागत करते आयोजक। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 7 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के सी.आर.सी. एवं करियर गाइडैंस सैल द्वारा बी.सी.ए. एवं एम.सी.ए. विद्यार्थियों के लिए एक प्लेसमैंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव के माध्यम से विद्यार्थियों को एक प्रतिष्ठित कंपनी में जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर चयन का अवसर प्राप्त हुआ। इस प्लेसमैंट प्रक्रिया में बी.सी.ए. एवं एम.सी.ए. के कुल 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

चयन प्रक्रिया के उपरांत एम.सी.ए. चौथे सेमेस्टर की गुरप्रीत कौर, बी.सी.ए. - ए.आई. छठे सेमेस्टर के बलजिंदर सैनी, बी.सी.ए. छठे सेमेस्टर की हर्षिता तथा बी.सी.ए. छठे सेमेस्टर के भास्कर हरित का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त 9 विद्यार्थियों को कंपनी द्वारा इंटर्नशिप के अवसर भी प्रदान किए गए, जिससे उन्हें उद्योग आधारित व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्लेसमैंट गतिविधियां विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में सहायक सिद्ध होती हैं। प्रशिक्षण एवं प्लेसमैंट अधिकारी कमलप्रीत कौर ने कॉलेज के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्थान का लक्ष्य विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित आई.टी. कंपनियों से जोड़ना है। कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की डीन डॉ. प्रबलीन यादव ने कहा कि ऐसी प्लेसमैंट ड्राइव विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल, आत्मविश्वास एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करती हैं।